## कक्षा दसवीं

## पाठ्यक्रम – अ संकलित परीक्षा –1

## खण्ड 'क'

समयः 3 घंटे

प्रश्न 1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए–** अंक 5

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुन्दर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारम्भ से सुन्दर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन–जिन गुणों की आवश्यकता है उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुन्दर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रह कर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी कि विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है ।

1. **मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी विद्यार्थी जीवन को क्यों माना गया है।** 1

(क) पूरा जीवन विद्यार्थी जीवन पर चलता है ।

(ख) क्योंकि जो संस्कार संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं

(ग) विद्यार्थी जीवन सुखी जीवन है।

(घ) विद्यार्थी का जीवन स्वस्थ जीवन है ।

2. **'पाठशाला' शब्द में कौन सा समास है?** 1

(क) द्वन्द्व

(ख) कर्मधारय

(ग) तत्पुरूष

(घ) अव्ययीभाव

3. **जिस वृक्ष को प्रारम्भ से खाद मिल जाती है वह कैसा हो जाता है।** 1

(क) फूल देने वाला

(ख) फल देने वाला

(ग) सौरभ बिखराने वाला

(घ) फूल, फल, सौरभ देने वाला

4. **आदर्श विद्यार्थी से क्या तात्पर्य है?** 1

(क) जो परिश्रमी हो

(ख) जो अनुशासित हो

(ग) जो समय के अनुरूप चल सके

(घ) उपरोक्त सभी

5. **इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है–**

1

(क) आदर्श नागरिक

(ख) विद्यार्थी जीवन

(ग) सुखी जीवन

(घ) मानसिक विकास

प्रश्न 2. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए–** अंक 5

हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हैं या नए वर्ष के आगमन के रूप में; फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में; सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करते हैं । ये त्योहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देश-भक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ, विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्‌विचार एवं सद्‌भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, केवल उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीके अलग-अलग हैं।

1. **त्योहार किससे प्रभावित होते हैं?**

1

(क) देश की प्रगति के प्रभाव से

(ख) धार्मिक दृष्टि के प्रभाव से

(ग) क्षेत्रीय प्रभाव से

(घ) जनमानस के प्रभाव से

2. **त्योहारों से हमें क्या लाभ हैं–** 1

(क) महापुरुषों की याद दिलाते हैं

(ख) देश की एकता और अखंडता मजबूत करते हैं

(ग) देश भक्ति की भावना बढ़ाते हैं

(घ) उपरोक्त सभी

3. **हम उन्नति की ओर किस प्रकार बढ़ सकते हैं?** 1

(क) सद्विचारों से

(ख) सद्विचार एवं सद्भावना से

(ग) देश की अखंडता से

(घ) महापुरुषों के उपदेश से

4. **त्योहारों के माध्यम से हमें क्या प्रेरणा मिलती है।**

1

(क) धर्मों का मूल लक्ष्य एक है

(ख) ईश्वर प्राप्ति के तरीके अलग-अलग हैं

(ग) अपने-अपने धर्म पर चलना चाहिए

(घ) देश भक्ति और देश के गौरव की

5. **इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है–** 1

(क) धर्म का मार्ग

(ख) देश भक्ति

(ग) त्योहारों का महत्त्व

(घ) हमारे त्योहार अलग हैं

प्रश्न 3. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** अंक 5

प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ ?
सात साल की बच्ची का पिता तो है ।
सामने गीयर से ऊपर
हुक से लटका रखी हैं

काँच की चार चूडियाँ गुलाबी ।
बस की रफ़्तार के मुताबिक
हिलती रहती हैं,
झुक कर मैंने पूछ लिया,
खा गया मानों झटका ।
अधेड़ उम्र का मुच्छड़ रौबीला चेहरा
आहिस्ते से बोला : हाँ सा 'ब'
लाख कहता हूँ, नहीं मानती है मुनिया ।
टाँगे हुए हैं कई दिनों से
अपनी अमानत यहाँ अब्बा की नज़रों के सामने ।

1. **'ड्राइवर को सात साल की बच्ची का पिता तो है' क्यों कहा गया है?** 1

(क) ड्राइवर भी पिता हो सकता है

(ख) ड्राइवर का व्यवहार कठोर होता है

(ग) बस के ड्राइवर भी संवेदनशील होते हैं

(घ) ड्राइवर को पिता नहीं होना चाहिए ।

2. **बस में गीयर के हुक में काँच की चूडियाँ किसने लटका रखी हैं?** 1

(क) ड्राइवर ने

(ख) मुनिया ने

(ग) लेखक ने

(घ) बस वाले ने

3. **बस में चूडियाँ टाँगने से बच्ची का क्या उद्देश्य है?** 1

(क) चूडियाँ खनकती रहें

(ख) सजाने के लिए

(ग) अब्बा की नजरों के सामने रहें

(घ) चूडियाँ हिलती रहें

4. **'खा गया मानो झटका' में कौन सा अलंकार निहित है?** 1

(क) उत्प्रेक्षा

(ख) उपमा

(ग) अनुप्रास

(घ) यमक

5. **चूडियों के विषय में ड्राइवर से किसने पूछा–** 1

(क) बस की सवारी ने

(ख) लेखक ने

(ग) ड्राइवर की बच्ची ने

(घ) स्वयं ड्राइवर ने

प्रश्न 4. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए–**

**अंक 5**

विषुवत्–रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ–हाँफ कर
रखता है अनुराग आलौकिक
वह भी अपनी मातृभूमि पर
ध्रुववासी, जो हिम में तम में
जी लेता है काँप–काँप कर
वह भी अपनी मात्रभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर

1. **विषुवत्–रेखा के वासी हाँफ–हाँफ कर क्यों जीते हैं?** 1

(क) वहाँ का जीवन कष्ट भरा है

(ख) वहाँ अधिक गर्मी पड़ती है

(ग) वहाँ वर्षा नहीं होती

(घ) दूसरे लोगों से संबंध नहीं रहता

2. **कष्ट मय रहकर भी लोग अपनी मातृभूमि के लिए रखते हैं–** 1

(क) आलौकिक प्रेम की भावना

(ख) भक्ति भावना

(ग) गर्व की भावना

(घ) बंधुत्व भावना

3. **प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या प्रेरणा दे रहा है?** 1

(क) राष्ट्र प्रेम की

(ख) कष्टमय जीवन जीने की

(ग) हर वातावरण में जीने की

(घ) मातृभूमि पर न्यौछावर होने की

4. **अंधकार और बर्फीले स्थानों पर रहने वालों के लिए कहा गया है–** 1

(क) हिमवासी

(ख) विषुवत् रेखा का वासी

(ग) ध्रुववासी

(घ) आलौकिक

5. **अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है–** 1

(क) विषुवत् रेखा का वासी

(ख) अनुराग आलौकिक

(ग) हाँफ-हाँफ

(घ) हिम में, तम में

**खण्ड 'ख'**

प्रश्न 5. (क) **निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* नौकर पानी पिला रहा है।

*(ii)* मैंने दो दिन पहले यह कहा था।

*(iii)* वह प्रतिदिन दौड़ती है।

*(iv)* बच्चे क्रिकेट खेलते हैं।

(ख) **'कुसुम पत्र <u>लिख रही है।</u>'**

**उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

(*i*) अकर्मक क्रिया

(*ii*) सकर्मक क्रिया

(*iii*) अपूर्ण क्रिया

(*iv*) द्विकर्मक क्रिया

(ग) **निम्नलिखित विकल्पों से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* मुड़ना

*(ii)* मुड़ा

*(iii)* मोड़ना

*(iv)* मोड़

(घ) **'सौरभ पार्क में दौड़ रहा है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

1

*(i)* एक कर्मक

*(ii)* अकर्मक

*(iii)* द्विकर्मक

*(iv)* सकर्मक

प्रश्न 6.(क) **निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* श्री तुलसी दास ने रामचरित मानस लिखी।

*(ii)* वह शिक्षक छात्रों को हिन्दी पढ़ाता था।

*(iii)* बच्चे शाम को खेलते हैं।

*(iv)* राधा ने जया को पुस्तक दे दी थी।

(ख) **'माँ गाय को रोटी खिलाती है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* अकर्मक

*(ii)* सकर्मक

*(iii)* द्विकर्मक

*(iv)* एक कर्मक

(ग) **'मैं कभी-कभी मिल आया करता हूँ'। वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* आना

*(ii)* करना

*(iii)* हूँ

*(iv)* मिलना

(घ) **निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* वे रात भर जागते हैं।

*(ii)* बाहर पानी गिर रहा है।

*(iii)* तुम हमेशा हँसते रहते हो।

*(iv)* इस तरह से रोकर नहीं जिया जाता।

प्रश्न 7. (क) **'वह सब कार्य <u>कर सकता है</u>।' इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* सहायक क्रिया

*(ii)* मुख्य क्रिया

*(iii)* संयुक्त क्रिया

*(iv)* तीनों में कोई नहीं

(ख) **निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* मुझे मोहन जाता दिखाई दिया।

*(ii)* वह मुझे अकेला छोड़ कर चला गया।

*(iii)* सुरेश को रमेश के साथ आना पड़ा।

*(iv)* वह उसके साथ ही गया।

(ग) **'मैं अकसर आ जाया <u>करता हूँ</u>'। वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* मुख्य क्रिया

*(ii)* सहायक क्रिया

*(iii)* संयुक्त क्रिया

*(iv)* उपर्युक्त में कोई नहीं

(घ) **निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

*(i)* रमेश ने खाना खा लिया है।

*(ii)* मैंने पानी पिया।

*(iii)* वह घर गया।

*(iv)* उसने पत्र लिखा।

प्रश्न 8. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

(क) **लोमड़ी बहुत <u>चतुर</u> जानवर है।**

*(i)* परिमाण वाचक

*(ii)* गुण वाचक

*(iii)* संख्या वाचक

*(iv)* सार्वनामिक

(ख) **<u>कुछ</u> आम मेरे पास ले आओ।** 1

*(i)* सार्वनामिक

*(ii)* संख्या वाचक

*(iii)* निश्चित संख्या वाचक

*(iv)* अनिश्चित परिमाण वाचक

(ग) **सभा में कोई <u>पाँच सौ</u> व्यक्ति होंगे।** 1

*(i)* निश्चित परिमाण वाचक

*(ii)* निश्चित संख्या वाचक

*(iii)* गुण वाचक

*(iv)* परिमाण वाचक

(घ) **<u>उस</u> पुस्तक को तुम भी पढ़ लेना।** 1

*(i)* निश्चय वाचक सार्वनामिक

*(ii)* अनिश्चय वाचक सार्वनामिक

*(iii)* संख्या वाचक

*(iv)* गुण वाचक

प्रश्न 9. **निम्नलिखित वाक्यांशों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए–:**

मुझे ग्रीष्मऋतु में पर्वतीय प्रदेशों में जाना अच्छा लगता है मैं (क)................शिमला आया था। कुछ देर (ख)...................घूमने के बाद मैंने घुड़सवारी की। (ग)....................... घोड़ा पहाड़ पर चढ़ने लगा। (घ)..................पहुँचकर मुझे बहुत बर्फ नजर आई।

(क) *(i)* दिल्ली से

*(ii)* रेल से

(*iii*) कल

(*iv*) शहर

(ख) (*i*) शिमला

(*ii*) वहाँ

(*iii*) नाव में

(*iv*) पैदल

(ग) (*i*) काला, सफेद

(*ii*) अकेले ही

(*iii*) मेरे साथ

(*iv*) धीरे-धीरे

(घ) (*i*) ऊपर

(*ii*) सफेद

(*iii*) जमी

(*iv*) पिघली

## खण्ड 'ग'

प्रश्न 10. बाल गोबिन भगत साधु थे– साधु की सारी परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे और उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, हमेशा खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, और न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज भी नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभार इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं जाते। वह गृहस्थ थे; किंतु उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, वह सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते जो उनके घर से चार कोस दूरी पर था- एक कबीर पंथी मठ से मतलब। वह दरबार में 'भेंट' स्वरूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से अपना गुजर चलाते। इनसे भी ऊपर, मैं तो मुग्ध था उनके मधुर गान पर जो सदा ही सुनने को मिलता। कबीर के वे सीधे-सादे पद, जो उनके कंठ से निकल कर जीवित हो उठते।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए– 5

(*i*) **बाल गोबिन भगत को साधु क्यों कहा है?** 1

(क) वह साधु के समान दिखते थे।

(ख) वह मोह माया से दूर थे।

(ग) वे किसी से झगड़ा नहीं करते थे।

(घ) वह स्वयं अपना कार्य करते थे।

*(ii)* **लोगों को बालगोबिन भगत की किस आदत पर आश्चर्य होता था?** 1

(क) गीत गाते रहने पर

(ख) झगड़ा न करने पर

(ग) बिना पूछे किसी की चीज़ को व्यवहार में नहीं लगाते थे

(घ) किसी से कोई मतलब न रखने पर

*(iii)* **बालगोबिन भगत कबीर के आदर्शों पर क्यों चलते थे ? क्योंकि–** 1

(क) कबीर उनके मित्र थे

(ख) कबीर के जीवन से प्रभावित थे

(ग) कबीर भगवान का रूप थे

(घ) कबीर के गीत गाया करते थे

*(iv)* **लेखक बाल गोबिन भगत के गान से क्यों प्रभावित था?** 1

(क) क्योंकि वह मधुर स्वर में गाते थे

(ख) क्योंकि वह साधु प्रवृत्ति के थे

(ग) क्योंकि लेखक को कबीर के पद पसंद थे

(घ) क्योंकि उनके गाने से कबीर के पद सजीव हो उठते थे

*(v)* **भगत अपनी फसल को सर्वप्रथम सिर पर लाद कर कहाँ पहुँचाते थे–** 1

(क) मंदिर में

(ख) घर में

(ग) कबीर पंथी मठ में

(घ) गरीबों के पास

**अथवा**

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँको की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ नि:श्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होंठों तक ले गए। फाँक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलके मुँद गई। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़

दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन कर खिड़की के बाहर फेंकते गए।

नवाब साहब ने खीरे की सभी फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए तथा गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों यह है खानदानी रईसों का तरीका।

नवाब साहब खीरे की तैयारी तथा इस्तेमाल से थककर लेट गए। हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा यह है इनकी खानदानी तहजीब, नफ़ासत और नज़ाकत।

**उपरोक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए–** 5

*(i)* **नवाब साहब की पलकें खीरे को सूँघकर क्यों मुँद गई–** 1

(क) वह खीरा देखना पसंद नहीं करते थे

(ख) वह खीरे के स्वाद के आनंद में डूबे थे

(ग) उन्हें खीरा सूँघना बहुत पसंद था

(घ) खीरा खाना उन्हें अच्छा लगता था

*(ii)* **नवाब साहब खीरे की फाँकों को खिड़की के बाहर क्यों फेंक रहे थे–** 1

(क) अपना नवाबी अंदाज दिखाने के लिए।

(ख) खीरा अधिक कड़वा था।

(ग) खीरे से अमाश्य के रोग बढ़ते हैं।

(घ) वह लेखक को खीरा नहीं देना चाहते थे।

*(iii)* **नवाब साहब लेखक को अपना नवाबी अंदाज दिखाना चाहते थे क्योंकि–** 1

(क) उन्हें दिखावा पसंद था

(ख) वह अपनी रईसी दिखाना चाहते थे

(ग) सैकेण्ड क्लास में सफ़र करना उन्हें गवारा नहीं था

(घ) वह बनावटी व्यक्ति थे।

*(iv)* **नज़ाकत शब्द के हिन्दी पर्यायवाची शब्द हैं–** 1

(क) सम्मान, तहजीब

(ख) शिष्टता, सम्मान

(ग) बढ़िया, स्वच्छता

(घ) कोमलता, नम्रता

*(v)* **'हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा।' वाक्य से तात्पर्य है–** 1

(क) हमें उनके साथ बैठना पड़ा

(ख) सम्मान में सिर झुकाना पड़ा

(ग) हैरानी से सिर पकड़ लेना पड़ा

(घ) उपर्युक्त में कोई नहीं।

प्रश्न 11. **निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए।** 2×5 = 10

(क) बालगोबिन भगत की पुत्र वधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(ख) बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है। यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं।

(ग) बाल गोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?

(घ) सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे

(ङ) पान वाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 12. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**–5

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौपौ, जिनके मन चकरी।।

*(i)* गोपियाँ कृष्ण को हारिल की लकरी क्यों बताती हैं ?

*(ii)* कृष्ण के वियोग में गोपियों की क्या दशा हो गई हैं ?

*(iii)* योग को किसके समान बताया गया है ?

*(iv)* अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छाँट कर लिखिए।

*(v)* उपर्युक्त पद्यांश में प्रयुक्त भाषा कौन सी है ?

**अथवा**

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के,
सुमन झिंगूला सौहै तन छबि भारी दै।
पवन झूलावै, केकी-कीर बरतावै 'देव',
कोकिल हलावै-हुलसावै कर तारी दै।।
पूरित पराग सौ उतारो करै राई नोन,
कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।
मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि
प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।।

*(i)* इस कविता में किसका वर्णन किस रूप में हुआ है ?

*(ii)* शिशु की सेवा कौन और किस प्रकार कर रहा है ?

*(iii)* कमल की कली क्या कर रही है ? यह बालक किसका हैं तथा कहाँ सोया है ?

*(iv)* बसंत रूपी बालक को कौन जगाता है ?

प्रश्न 13. **निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए–** अंक 5

*(i)* उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किससे की गई है? 2

*(ii)* स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ? 2

*(iii)* कविता 'उत्साह' में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है। 1

प्रश्न 14. **भोला नाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?**

5

अथवा

**रानी एलिजाबेथ के दरजी की परेशानी का क्या कारण था? उसकी परेशानी को आप किस तरह तर्कसंगत ठहराएँगे?**

## खण्ड 'घ'

### पत्र–लेखन

प्रश्न 15. आपका नामांकन किसी नए विद्यालय में करवाया गया है। यहाँ आपके लिए सबकुछ नया है तथा आपका मन भी नहीं लग रहा, आपके भाई–बहन दूसरे शहर में रहते हैं । पत्र द्वारा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाएँ ।

**अथवा**

दूरदर्शन (टी०वी०) के पसंदीदा कार्यक्रम की चर्चा विस्तार से करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । 5

प्रश्न 16. **नीचे दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखे ।** 5

जनसंख्या की अधिकता : सभी समस्याओं का केन्द्र

विश्व जनसंख्या में भारत की स्थिति.............भारत की वर्तमान समस्याओं का उल्लेख................. जनसंख्या की अधिकता और समस्याओं का संबंध ...............समस्याओं के अन्य कारणों की ओर संकेत .........निष्कर्ष ।

**अथवा**

भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता क्या बाकी खेलों की प्रगति में बाधक है ?

भारत के प्रमुख खेल...............क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय क्यों ?.....................मीडिया और समाज की भूमिका.....................आर्थिक कारण.............अन्य खेलों में प्रोत्साहन की कमी....... निष्कर्ष ।

**हिन्दी पाठ्यक्रम 'अ'**

**कक्षा नवम**

**उत्तरमाला**

प्रश्न 1. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ख

(*ii*) ग

(*iii*) घ

(*iv*) घ

(*v*) ख

प्रश्न 2. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ग

(*ii*) घ

(*iii*) ख

(*iv*) क

(*v*) ग

प्रश्न 3. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ग

(*ii*) ख

(*iii*) ग

(*iv*) क

(*v*) ख

प्रश्न 4. $1 \times 5 = 5$

(*i*) ख

(*ii*) क

(*iii*) घ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (*iv*) | ग | | |
| | (*v*) | ख | | |

खंड 'ख'

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्न 5. | (क) | (*i*) | ग | 1 |
| | | (*ii*) | क | 1 |
| | (ख) | (*ii*) | | 1 |
| | (ग) | (*i*) | | |
| प्रश्न 6. | (क) | (*i*) | | 1 |
| | (ख) | (*iii*) | | 1 |
| | (ग) | (*iv*) | | 1 |
| | (घ) | (*i*) | | 1 |
| प्रश्न 7. | (क) | (*iii*) | | 1 |
| | (ख) | (*iv*) | | 1 |
| | (ग) | (*ii*) | | 1 |
| | (घ) | (*i*) | | 1 |
| प्रश्न 8. | (क) | (*ii*) | | 1 |
| | (ख) | (*iv*) | | 1 |
| | (ग) | (*ii*) | | 1 |
| | (घ) | (*i*) | | 1 |
| प्रश्न 9. | (क) | (*ii*) | | 1 |
| | (ख) | (*iii*) | | 1 |
| | (ग) | (*i*) | | 1 |
| | (घ) | (*iv*) | | 1 |
| प्रश्न 10. | (*i*) | (क) | | 1 |
| | (*ii*) | (ग) | | 1 |
| | (*iii*) | (ख) | | 1 |
| | (*iv*) | (घ) | | 1 |
| | (*v*) | (ग) | | 1 |

अथवा

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | (ख) | 1 |
| (*ii*) | (क) | 1 |
| (*iii*) | (ग) | 1 |
| (*iv*) | (घ) | 1 |
| (*v*) | (ख) | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| *प्रश्न 11.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | 10 |
| *प्रश्न 12.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 13.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 14.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 15.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |
| *प्रश्न 16.* | *इसका उत्तर विद्यार्थी अपने मतानुसार देंगे ।* | *5* |